
दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 122 मुरादाबाद 28 August 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## राजनाथ के स्वागत में जगमगाए मोबाइल, रक्षामंत्री ने लखनऊ से किया जल्द 5 जी का वादा; PM मोदी- CM योगी की तारीफों के बांधे पुल



लखनऊ के साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में शनिवार को राजनाथ सिंह का स्वागत लोगों ने अपने मोबाइल की लाइट्स जलाकर किया। इस मौके पर रक्षामंत्री ने लखनऊ वासियों से जल्द फाइव जी ( 5G ) स्पेक्ट्रम का वादा किया और पीएम मोदी, सीएम योगी की तारीफों के पुल बांध दिए। राजनाथ ने कहा कि जब तक देश के पीएम मोदी हैं तब तक कोई घोटाला नहीं हो सकता। यूपी में हो रहे विकास के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार की तारीफ करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रदेश में जिस तरह से इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट हो रहा है, वो दिन दूर नहीं कि हमारा यूपी न्यूज जेनरेशन इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में देश के सभी राज्यों से आगे होगा। इस मौके पर रक्षामंत्री ने साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में 185 करोड़ से अधिक लागत की 158 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश होगी कि लखनऊ में जल्द ही 5 जी स्पेक्ट्रम रोल ऑउट हो जाए। लेकिन जब भी 2जी, 3जी, 4जी, 5जी स्पेक्ट्रम की बात आती है तो हमें कांग्रेस के समय के घोटाले की याद आती है लेकिन आप आश्वस्त रहना जब तक हमारे देश के पीएम मोदी जी हैं तब तक कोई घोटाला नहीं कर सकता। राजनाथ सिंह ने कहा कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने एक बात कही थी कि दिल्ली से वे जब पैसे भेजते हैं तो अंतिम व्यक्ति तक 10 या 15 पैसे ही पहुंच पाते हैं। बाकी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कर दिखाया कि दिल्ली से चले 100 पैसे पूरे के पूरे अंतिम व्यक्ति के बैंक खाते पर पहुंच रहे हैं।सीएम योगी की तारीफ करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि सीएम योगी ने जिस तरह से यहां विकास का काम किया और कानून-व्यवस्था की स्थिति को मजबूत बनाया है उसकी जितनी में प्रशंसा की जाए वह कम है।

### भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदला

राजनाथ सिंह ने कहा कि दुनिया में भारत की छवि बेहतर और विश्वसनीयता मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि मुझे दुनिया के तमाम देशों में जाने और वहां के लोगों से बात करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि मैं दुनिया के सर्वाधिक विकसित देशों में भी गया। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के बारे में अमेरिका और अन्य विकसित देशों के लोगों से सुनना गर्व का अनुभव कराता है। देश के बारे में दुनिया का नजरिया बदल रहा है।

### मुस्कुराइए आप लखनऊ में है, बोर्ड की कहानी मंत्री की जुबानी

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने संबोधन के दौरान 1090 चौराहे पर लगे बोर्ड मुस्कुराइए कि आप लखनऊ में हैं, के पीछे की कहानी सुनाई। उन्होंने कहा कि वह चाहते थे कि जो मैंने लखनऊ के बारे में सुना उसका एक बोर्ड भी लगे। जब मेयर संयुक्ता भाटिया से उन्होंने इसकी चर्चा की तो मेयर ने कहा कि अभी हम लगाएंगे तो आमजन सवाल उठाएंगे। क्योंकि अभी शहर में कहीं नालियां बजबजा रही हैं तो कहीं सड़कें खराब हैं। 5 साल में सरकार ने काम किया। शहर का विकास हुआ जिसके बाद तय किया गया कि अब यह बोर्ड लगाया जा सकता है जिससे लोगों को वोट देख कर गर्व महसूस हो। कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद और पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉक्टर दिनेश शर्मा ने भी संबोधित किया।

## हैदराबाद ने भाजपा की 'सर्जिकल स्ट्राइक' फेल कर दी... पैगंबर विवाद पर बोले ओवैसी



ढ्ढस्ढ्ढरूप्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने हाल ही में गिरफ्तार तेलंगाना विधायक टी राजा सिंह से जुड़े अभद्र भाषा के विवाद पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि हैदराबाद ने भाजपा की %सर्जिकल स्ट्राइक% को असफल कर दिया। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, 卐यदि आप हिंसा के बारे में बोलते हैं, तो कानून अपना काम करेगा। यह एक खुला रहस्य है कि भाजपा विधायक टी राजा सिंह की मदद कर रही है। यह अभद्र भाषा हैदराबाद में भाजपा द्वारा एक सर्जिकल स्ट्राइक थी। मैं यहां के लोगों को बधाई देता हूं। हैदराबाद के लोगों ने भाजपा के सर्जिकल स्ट्राइक को नाकाम कर दिया है। गौरतलब है कि गुरुवार को, निलंबित भाजपा विधायक राजा सिंह को निवारक निरोध अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। इससे दो दिन पहले मंगलवार को पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी करने के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया गया था और एक घंटे के अंदर जमानत भी मिल गई थी। जिसके विरोध में शहर भर में विरोध प्रदर्शन हुए थे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि टी राजा सिंह के खिलाफ पीडी एक्ट लगाया गया था। मंगलहाट पुलिस थाने में सिंह के खिलाफ एक उपद्रवी पत्र का जिक्र करते हुए, पुलिस के बयान में कहा गया है कि वह आदतन भड़काऊ और भड़काऊ भाषण दे रहे हैं और समुदायों के बीच दरार पैदा कर रहे हैं, जिससे सार्वजनिक अव्यवस्था हो रही थी। पुलिस के आंकड़ों का हवाला देते हुए, कहा कि 2004 से टी राजा सिंह खिलाफ दर्ज 101 आपराधिक मामलों में से 18 सांप्रदायिक अपराधों से संबंधित हैं।

## हेमंत सोरेन सभी विधायकों को लेकर छत्तीसगढ़ रवाना, झारखंड में सियासी संकट गहराया



रांची, डिजिटल डेस्क- झारखंड में पल-पल सियासी परिदृश्य बदल रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने सभी विधायकों को तीन बसों में भर कर छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हो गए हैं। इनमें कांग्रेस और झामुमो के विधायक शामिल हैं। एक बस में खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी बैठे हुए हैं। जिन तीन बसों से इनको ले जाया गया है, उनमें दो बसों का रंग पीला और तीसरी बस का रंग ब्लू है। सुबह से ही यह अटकलें लगाई जा रही थी कि हेमंत सोरेन अपने विधायकों को लेकर कहीं बाहर जा सकते हैं। इस बीच कुछ तस्वीरें भी सामने आ गई हैं। एक तस्वीर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विधायकों के साथ सेल्फी खींचते नजर आ रहे हैं। उनके पीछे विधायक बैठे हुए हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में कांग्रेस व झामुमो के विधायक बस में बैठे नजर आ रहे हैं। खबर आ रही है कि हेमंत सोरेन अपने विधायकों के साथ अपराह्न साढ़े तीन बजे तक डूमरगढ़ी गेस्ट हाउस लतरातू डैम पहुंच चुके हैं। तीन बड़ी बसों और दर्जनों छोटी गाड़ियों से सभी नेता यहां पहुंचे हैं। यहां से कहां जाने का कार्यक्रम है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। खूंटी जिले के लतरातू डैम पर बड़ी संख्या में सुरक्षा बल के जवान तैनात हैं। इस बीच संवाददाता ने जब विधायक उमाशंकर अकेला को फोन कर पूछा कि आप लोग कहां जा रहे हैं? लगातार आ रहे फोन काल से गुस्से में कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा- बाघा बॉर्डर जा रहा हूं।जब कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम से बात की तो उन्होंने कहा- डंके की चोट पर कह रहा हूं कि सभी विधायक शाम में रांची में ही रहेंगे। उधर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि शाम में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी रांची आ रहे हैं। उन्हें रिसीव करने के लिए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। मालूम हो कि राजेश ठाकुर भी विधायकों के साथ बस में सवार हैंनिशिकांत ने किया था दावा- हेमंत के पास सिर्फ 36 विधायक -मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की इस गतिविधियों से यह साफ होता जा रहा कि झारखंड में विधायकों की तोड़फोड़ भी होने की आशंका बनी हुई है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक रोज पहले दावा किया था कि हेमंत सोरेन के पास सिर्फ 36 विधायक ही हैं। कयामत तक वह शेष विधायकों का प्रबंध नहीं कर पाएंगे। यह दावा उन्होंने झामुमो के इस दावे पर किया था कि उसके पास 50 विधायकों का समर्थन पत्र है। दुबे ने टवीट कर कहा है कि उनका दावा सच साबित होता दिख रहा है।

# कजरी तीज पर्व को लेकर विभूति नाथ मंदिर के सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- आगामी कजरी तीज के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा थाना सिरसिया क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले पाण्डव कालीन विभूति नाथ मंदिर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान मंदिर प्रबंधक समिति, महंत के साथ बैठक कर कजरी तीज के दौरान आने वाले भक्तों के संबंध में मंदिर समिति के तरफ की जाने वाली व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा थानाध्यक्ष सिरसिया उपनिरीक्षक पंकज कुमार को कजरी तीज के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में लगाई गई पुलिस डियूटी के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात प्रबंधन को चेक किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष सिरसिया उपनिरीक्षक पंकज कुमार, पीआरओ पुलिस अधीक्षक उपनिरीक्षक अर्जुन पटेल सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहेरा भरोसा दिलाया है। हालाकि इस मामले में मृतक छात्र के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी शिक्षक को जेल भेज चुकी है।



# समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल 13 वर्षीय मृतक बालक के घर पहुंचे

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिले में सिरसिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत चैलाही स्थित पंडित ब्रह्मदत्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक की पिटाई से हुए छात्र की मौत के मामले में गुरुवार को समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा एवं पूर्व मंत्री संजय विद्यार्थी के नेतृत्व में बनकटवा के मजरा दारीपुरवा स्थित मृतक छात्र बृजेश विश्वकर्मा के घर पहुंच कर पीड़ित परिजनों से मिलकर पूरे मामले की जानकारी ली। इस दौरान संजय विद्यार्थी ने पीड़ित परिजनों को लिफाफा देकर ढांढस बंधाते हुए हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। अब प्रतिनिधि मंडल द्वारा मामले की पूरी रिपोर्ट सपा मुखिया अखिलेश यादव को सौंपी जायेगी। जिसके बाद समाजवादी पार्टी द्वारा पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने के लिए विधानसभा में आवाज उठाई जायेगी। अपको बता दें कि सिरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बनकटवा के मजरा दारीपुरवा निवासी तेरह वर्षीय बृजेश विश्वकर्मा चैलाही स्थित पंडित ब्रह्मदत्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र था। जिसकी आठ अगस्त को शिक्षक अनुपम पाठक द्वारा बेरहमी पूर्वक पिटाई करने का आरोप है। शिक्षक की पिटाई से गम्भीर रूप से चोटिल छात्र की ईलाज के दौरान सत्रह अगस्त को मौत हो गई थी। इस मामले को समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव द्वारा संज्ञान लेकर पांच सदस्यीय प्रतिनिधी मंडल गठित कर मृतक छात्र के यहां भेजा। उक्त मंडल ने मृतक छात्र के घर पहुंच कर पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाते हुए न्याय दिलाने का पूरा भरोसा दिलाया है। हालाकि इस मामले में मृतक छात्र के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी शिक्षक को जेल भेज चुकी है।



# जन्म से टेढ़े पंजों व पैरों का श्रावस्ती में ही होगा इलाज

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-श्रावस्ती,जन्म से ही बच्चों के टेढ़े पंजों एवं पैरों के इलाज के लिए अब महानगरों के चक्कर नहीं काटने होंगे। इस तरह का उपचार अब संयुक्त जिला चिकित्सालय में ही उपलब्ध होगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस0पी0 तिवारी ने संयुक्त जिला चिकित्सालय में स्थित क्लब फुट क्लीनिक का फीता काटकर शुभारंभ किया। प्रत्येक शनिवार को ऐसे बच्चों का पंजीयन और इलाज किया जाएगा। नई व्यवस्था राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत की गइ

# नगला पटेल के तीनों ट्रांसफार्मरों को तत्काल जल्दी बदल आ जाए -ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह को नगला पटेल के किसानों ने बताया है कि 5 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं 10 केवीए के तीन ट्रांसफार्मर हैं तीनों खराब पड़े हैं अभी तक बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मरों को नहीं बदला है 5 दिन से अधिक हो गए ऐसी भीषण गर्मी में लोगों का जीना दूभर हो रहा है

किसानों ने यह भी बताया है कि इसकी जानकारी विभाग को दे दी गई है लेकिन फिर भी ट्रांसफार्मरों को नहीं बदला गया है इस मामले को गंभीरता से लेते हुए भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने बिजली विभाग को जानकारी दी यही एवं एक्सचेंज से बातचीत हुई तत्काल ट्रांसफार्मरों को बदलने के लिए कहा गया है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार का सख्त आदेश है कि 12 घंटे में ट्रांसफार्मरों को बदला जाए यहां पर तो 5 दिन से अधिक हो गए ट्रांसफार्मरों को नहीं बदला गया है इसमें विभाग की घोर लापरवाही का प्रमाण सामने आता है भाजपा किसान मोर्चा के नेता ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने संबंधित विभाग के जेई को इस संबंध में तत्काल कार्यवाही के लिए कहा है उन्होंने यह भी कहा है कि सरकार के नियमों के आदेश का पालन न करना किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा सरकार का आदेश है 12 घंटे में ट्रांसफार्मरों को बदला जाए उस आदेश का विभाग को पालन करना चाहिए किसानों की खेती धान की खेती को पानी की सख्त आवश्यकता होती है इन ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदला जाए किसानों की अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# नगर के गोला रोड पर स्थित गुलराहनाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव स्वीकृत

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



खुटार शाहजहांपुर-खुटार द्वितीय से जिला पंचायत सदस्य आनंद पटेल ने मई 2022 को नगर के गोला बाईपास रोड पर स्थित गुलराहनाथ मन्दिर के तालाब का सौंदर्यीकरण कराए जाने का प्रस्ताव भेजकर मांग की थी जिसका प्रस्ताव स्वीकृत हो गया है, नगर के प्रसिद्ध गुलराहनाथ मंदिर पर एक तालाब है जिसमें काफी संख्या में मछलियां रहती हैं, मंदिर पर जाने वाले भक्त उन्हें प्रसाद खिलाते हैं, मछलियां बिना डरे एक पास एकत्रित हो जाती हैं, मंदिर आने वाले भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है,तालाब में मछलियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं दूर-दूर से लोग वहां दर्शन के लिए आते हैं, कई बार मंदिर परिसर में बने तालाब का सौंदर्यीकरण कराए जाने की मांग उठी है लेकिन कुछ भी नही हो सका।जिस पर खुटार द्वितीय से जिला पंचायत सदस्य आनंद पटेल ने यह कदम उठाया और चौदह मई को उन्होंने तालाब के सौंदर्यीकरण कराए जाने का प्रस्ताव भेजा था, जो कि स्वीकृत हो गया है इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य आनंद पटेल ने बताया है कि तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्ताव भेजा था जो आज स्वीकृत हो गया है जल्द ही सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा,श्री आनंद पटेल के द्वारा किये गये इस कार्य की नगर वासियों क्षेत्रवासियों ने सराहना की है यह उनके द्वारा उठाया गया एक बहुत ही अच्छा कदम है।

# मिड डे मील में गड़बड़ी



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर-थाना खुटार के गांव महुआ पिमई के रहने वाले रंजीत कुमार ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी छः वर्षीय पुत्री लक्ष्मी देवी स्कूल गई थी जहां पर शुक्रवार को मध्यान भोजन में दाल परोसी गई थी जिसमें कीड़े पड़े हुए थे बच्चों ने भोजन करने से मना कर दिया तो अध्यापक ने लक्ष्मी की पिटाई कर दी जिससे बच्चे की पीठ में चोट भी आई है पीड़ित ने पुलिस से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# जि0 पंचा0 सदस्य पूजा मिश्रा के प्रयास से होगा बेला के गौरीकुंड का जीर्णोद्धार

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



खुटार शाहजहांपुर-खुटार ब्लॉक के ग्राम बेला स्थित गौरीकुंड शिव मन्दिर के तालाब का जल्द ही जीर्णोद्धार होगा,खुटार प्रथम से जिला पंचायत सदस्य पूजा मिश्रा के प्रयास से गौरीकुंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अमृत सरोवर में शामिल हो गया है जिला पंचायत से इस कार्य हेतु स्वीकृति प्रदान कर विज्ञप्ति भी जारी कर दी गई है जल्द ही कार्य भी शुरू हो जाएगा खुटार से क़रीब बीस किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत बेला में प्राचीन गौरीकुंड शिव मन्दिर है मन्दिर परिसर में ही एक विशाल तालाब है शिव मन्दिर और तालाब एक दूसरे से सटे हुए हैं जिस कारण ही शिव मन्दिर का नाम गौरीकुंड पड़ा यहाँ आने वाले सभी श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण होती है इसके साथ ही यहाँ के तालाब के जल का भी विशेष महत्व है जिससे त्वचा एवं कान से सम्बंधित बीमारियाँ भी ठीक हो जाती हैं पिछले कई वर्षों से यहाँ के लोग गौरीकुंड के जीर्णोद्धार की माँग कर रहे थे, लेकिन अभी तक किसी ने ध्यान नही दिया जिसके बाद ग्राम बेला के निवर्तमान प्रधान प्रवीण मिश्रा संटू की पत्नी पूजा मिश्रा खुटार प्रथम से जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुई और ज़िला पंचायत में प्रस्ताव देकर गौरीकुंड के जीर्णोद्धार हेतु प्रयास शुरू कर दिए आख़िरकार पूजा मिश्रा का प्रयास सफल हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रस्ताव को स्वीकृति देकर जीर्णोद्धार के लिए विज्ञप्ति जारी कर दी है, इस कार्य की सफलता हेतु क्षेत्रवसियों ने जिला पंचायत सदस्य पूजा मिश्रा एवं उनके पति प्रवीण मिश्रा संटू की सराहना की है प्रवीण मिश्रा स्वाभाव से विनम्र व काफी मिलनसार व्यक्ति हैं।

# जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने भोजपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर शिकायतों को सुना

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमंत कुटियाल ने आज संयुक्त रुप से थाना भोजपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर शिकायतों को सुना और शिकायतों को संबंधितों को निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में शिकायतें सुनने के साथ ही थाने के अभिलेख एवं रजिस्टरों को भी चैक किया तथा जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों की जानकारी प्राप्त करते हुए निस्तारण की गयीं शिकायतों के संबंध में आवश्यक जानकारी ली तथा एक शिकायतकर्ता से फोन से बात कर शिकायत निस्तारण का फीडबैक लिया। सड़क की पुलिया बंद होने के कारण क्षेत्र में पानी भर जाने की



शिकायत पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को फोन कर तत्काल समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राजस्व सबंधी शिकायतों के निसतारण हेतु पुलिस का सहयोग अवश्य लिया जाये और पूरी निष्पक्षता एवं ईमानदारी के साथ शिकायत का निदान किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि आपसी विवाद के प्रकरणों में दोनों पक्षों को सुनने बाद ही एस0एच0ओ0, नायब तहसीलदार, लेखपाल मौके पर पहुंचकर सत्यता के आधार पर शिकायत का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रयास करें कि थाना दिवस के दिन ही शिकायत का निस्तारण किया जाये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लडाई झगडे के पेन्डिग प्रकरणों को तत्काल निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें तथा छोटी से छोटी शिकायत को भी हल्के में न ले व प्राथमिकता से लेते हुए निस्तारण करें।

## कोतवाली निरीक्षक बलराज शाही के नेतृत्व में चला अभियान

पवन कुमार

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- प्रभारी चौकी सुरही कमल किशोर मय हमराह कांस्टेबल अमित कुमार व का0 सुजीत कुमार के द्वारा अभि0 हरप्रसाद पुत्र स्व0 मनीराम निवासी मु0 गांधीनगर थाना कोच जिला जालौन से 550 ग्राम गांजे के साथ धनुतलाब से गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 179/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिक कार्यवाही की जा रही है

## भोजपुर में बच्चे व युवाओं की इंजेक्शन और स्मैक की लत से बर्बाद हो रही जिंदगियां, दिया ज्ञापन

नाजिम हुसैन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-भोजपुर ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ शाहीन ए हिन्द के अध्यक्ष मोहसिन अंसारी ने जिला अधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कहा भोजपुर कस्बे में इन दिनों बच्चे व युवा तक नशे की गिरफ्त में फंसते जा रहे हैं। एविल इंजेक्शन से लेकर स्मैक और ब्राउनशुगर की लत बच्चों व युवाओं की जिंदगी बर्बाद कर रही है। इन दिनों कस्बे के कई मोहल्ले नशे की गिरफ्त में आ गए हैं मोहल्ला रेलवे स्टेशन कालोनी की नई पीढ़ी नशे की गिरफ्त में पूरी तरह आ चुकी है। और मोहल्ला के युवा पीढ़ी इसी मोहल्ले में जाकर नशा करते हैं। क्षेत्र में नशे का कारोबार तेजी से बढ़ता जा रहा है कस्बे के कई मोहल्लों में नशे की साम्रगी आसानी से मिल जाती है। तथा एविल इंजेक्शन व कोरेक्स हर मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध है। सरकार द्वारा अवैध कारोबार पर पूरी तरह रोक नहीं लग पाई है। हालांकि, आला अधिकारियों के निर्देश के बाद नशे की सामग्री बेचने वालों की धरपकड़ होती रहती है लेकिन अब भी यह नशा कस्बे के कई मोहल्लों में आसानी से उपलब्ध हो रहा है। कस्बे में पिछले पांच वर्षों से नशे के कारोबार में तेजी से वृद्धि हुई है। पहले मजदूर वर्ग के लोग ही नशे की गिरफ्त में थे। वे शराब के अलावा गांजा और अफीम का नशा करते थे लेकिन बीते दो तीन वर्षों से कस्बे में कोरेक्स, एविल इंजेक्शन, स्मैक, ब्राउन शुगर का उपयोग तेजी से नई पीढ़ी में भी बढ़ रहा है। अब मजदूर वर्ग के अलावा सम्पन्ना घरों के युवा भी इस नशे के आदि हो गए है। बड़े शहरों से लौटे उच्च शिक्षा हासिल कर रहे युवा भी अपनी नसों में जहर घोलने में लगे हुए हैं। कुछ लोगों को यह लत ऐसी लगी हुई है कि उनके पास पैसा नही होता है तो युवा पीढ़ी चोरी करके नशे की सामग्री खरीद कर इस्तेमाल करते हैं तो कुछ लोग भीक मांगकर। जोकि कृत्य अति चिंता जनक है जिससे नगर तथा आस पास का युवा वर्ग नशे की लत में घोर बर्बादी की तरफ जाता दिख रहा है जिससे स्पष्ट सन्देह है कि आने वाले वक्त में यही वर्ग अत्याचारिक तथा आपराधिक गतिविधियों में समल्लित हो सकता है जिसको रोकना सामाजिक हित तथा देश हित के लिए अति आवश्यक है। और आला अधिकारियों से कहा जल्द ही इस प्रकरण को संज्ञान में लेकर देश के युवा व देश के भविष्य को अंधकार में जाने से बचाया जाए।

# छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



प्रधुम्न कटियार

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-कानपुर/बिल्हौर- राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृति परीक्षा में सफल हुये सभी छात्र छात्राओं को ब्लाक स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह ने मूमेंटो ,प्रशस्ति पत्र एवं पानी टेंपरेचर बोतल देकर सम्मानित किया, वही कई लोगों को मूमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, बिल्हौर में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में कई छात्र छात्राओं ने सफलता पायी सफल छात्र एवं छात्राओं ने इसका श्रेय अपने खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह और विद्यालय के गुरुजनों को दिया,बिल्हौर विकास खंड के बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित होने वाले विद्यालयों से करीब 16 बच्चों ने छात्रवृत्ति परीक्षा में बाजी मारकर अपना परचम लहरा कर यह साबित कर दिया कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे किसी भी प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वालों से कम नही हैं, वर्ष 2022 में प्रदेश के करीब 114 केंद्रों पर राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा आयोजित की गई थी, वही सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार इस परीक्षा में वह छात्र एवं छात्राएं सम्मिलित हो सकते हैं जो कक्षा 8 में अध्ययनरत हो,उत्तर प्रदेश के राजकीय, सहायता प्राप्त और स्थानीय निकाय के स्कूलों के कक्षा आठ में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को जो परीक्षा में सफल होते उन्हें कक्षा नौ से 12 तक प्रतिमाह एक हजार या प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये छात्रवृत्ति लगातार चार वर्ष तक देने की योजना है,इसमें गरीब बच्चों को जो गरीबी रेखा के नीचे होते हैं उन्हें प्रतिभाग करने का मौका मिलता है। इस अवसर पर धर्मेंद्र कटियार , राधामोहन कुशवाहा, दीपक सक्सेना आकाश बाजपेयी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला समानता दिवस के उपलक्ष्य में ''कार्यस्थल पर महिला समानता'' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित कराई

तकी रज़ा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-बरेली -शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ में आज दिनांक 26.8.2022 को महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला समानता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यस्थल पर महिला समानता विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य महोदया द्वारा मां शारदे के समक्ष माल्यार्पण कर किया गया । प्रतियोगिता में सभी संकाय की छात्राओं ने उल्लास पूर्वक प्रतिभाग किया और महिला समानता पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए ।जिसमें कु0 इफ्फ़त जहां ( बी ए तृतीय वर्ष ) प्रथम, कु0 अनम ( बी ए तृतीय वर्ष ) द्वितीय, कु0 मोनिका ( एम. ए. द्वितीय वर्ष ) तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं कुमारी श्वेता ( एम.ए. द्वितीय वर्ष ) एवं कुमारी बुद्धिता( बी.ए. तृतीय वर्ष ) ने संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया । महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 ( डॉ0 ) अंजू सिंह ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया साथ ही उन्होंने बताया कि समाज के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के समान अधिकार और सम्मान पाने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करना महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है साथ ही महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करता है। कार्यक्रम में डॉ0 मंजू रानी, डॉ0 राजकुमार सिंह, डॉ0 दीपा गुप्ता, डॉ0 अलका चौधरी, डॉ0 आवेश कुमार तथा डॉ0 शबीना परवीन सहित अन्य प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

**अन्य खबरों के लिए देखे**

WWW.KNLSIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Azad's resignation

Ghulam Nabi Azad also finally left the country's oldest party, the Congress. From the last one year, the situation in the party had started turning against Azad. Overall, his parting from the Congress after 51 years of service is no surprise. In a five-page long letter to Sonia Gandhi on Friday, he resigned from all party posts and even primary membership. However, five former MLAs from Jammu and Kashmir, affected by his decision, have also distanced themselves from the Congress. The Congress has weakened further in this union territory. It is reported that Ghulam Nabi Azad was forced to act against his will and was left with no option but to resign from the primary membership of the party. Well, this is a big decision not only for Congress but also for Azad. Congress is passing through a crucial phase. In such a situation, it is not a simple fact that a big leader should leave the party. Congress's ambitious padyatra is about to begin. With important elections approaching, the opportunity to field the party for elections in many important states is slipping away, then the departure of Ghulam Nabi Azad is not a good message. This will not give any strength to the morale of the Congress. Such leaders are prepared by years of hard work and experience, they are the capital of the party, but the party has not tried much to save this capital. It is feared that many leaders will leave the Congress now, the party should stop the ongoing disintegration with a conscious spirit. Congress has to face a big decisive electoral battle in the year 2024. If the party does not fix its house now, if it does not form new balanced political teams, then, of course, difficulties await it. The party was preparing by keeping Azad ahead in Kashmir, but perhaps it could not take him into confidence. Azad alleges that the party is being run arbitrarily, the convention of consultation is dying out."But there is another side to Azad leaving the party. Doesn't anyone want to retire in politics? Should every senior or elderly leader leave his party and move on? People are asking this question that what did the Congress not give to Azad? He was not even a strong leader with a grassroots base, even then he was a minister at the Centre, Chief Minister in the state, leader of the party's parliamentary party in the Rajya Sabha, yet he expressed his dissatisfaction with the party? The politics of just counting mistakes is really sad. Should a leader in politics not see his contribution and his achievements in totality? Well, this applies to every party and every leader. In fact, people prefer sixteen anana loyalty to any one party, but is this thing established in the understanding of our leaders? Well, now that the elections are approaching, the situation of Aya Ram-Gaya Ram will be created many times. Wherever many leaders will see the hope of power, they will move there. Now it has to be seen where Ghulam Nabi Azad can get out of Congress. New generation politicians are not only in Congress, they are in every party, experienced leaders everywhere have to establish themselves with more understanding.

## Urfi Javed started withdrawing money from inside the dress in front of the camera, the user said- 'call ED'

Urfi Javed is always in the headlines, be it her clothes or outspoken statements. The way Urfi keeps experimenting with her clothes is not easy. On Friday night, Urfi appeared in a different look. She had reached the launch party of 'Jhalak Dikhhla Jaa'. He was wearing a black colored bodycon dress. With this he curled the hair and made a bun. Urfi matched heels with a short dress. Now this look of Urfi is going viral. Urfi trolled - Urfi posed in front of the paparazzi. During this, she started withdrawing money kept in the dress. This exploit of Urfi in front of the camera once again brought him into the limelight. However, like every time on social media, he started being trolled once again. Comments of users- A user commented on Urfi's video, 'Modi ji case. Money is put in the wrong place… Call ED. Mili Rakhne ko. . She quickly became evicted from the show. After leaving here, she is often spotted in front of the paparazzi in strange clothes.



## Kapil Sharma's new 'girlfriend' is very glamorous, if you see the pictures, you will be left sweaty

TV's popular comedy show The Kapil Sharma Show is making a comeback once again. The show is bringing its fourth season this time, which is going to be even more bang than before. This time some new faces will also be seen in the show. Along with this, there are going to be changes in the old characters too, but if someone's luck is going to open in the show, then it is Kapil Sharma because this time he will get a chance to make love with a very hot TV actress. In The Kapil Sharma Show Apart from Sumano, Kapil Sharma will be seen circling with actress Srishti Rode this time. Srishti is a well-known actress of TV. She has worked in many famous serials till now, these include shows like Choti Bahu, Ishqbaaz, Punar Vivah and Barry Piya. Apart from this, Srishti was also a part of season 12 of TV's Controversial show Bigg Boss in 2018 and the show also got her a lot of popularity. Recently the promo of The Kapil Sharma Show has been released. In the promo, it is shown introducing the character of Srishti Rode that she will be seen as Kappu's love interest. With whom Kapil is going to be seen flirting. Apart from Srishti Rode in Season 4 of The Kapil Sharma Show, the new entry also includes the names of Gaurav Dubey, Siddharth Shrikant Maski and Sagar. Talking about the old characters of The Kapil Sharma Show, Chandu Chai Wala will not sell tea this time because of the promos. In this, he is seen in the look of South Indian. On the other hand, the names of Bharti Singh and Krishna Abhishek are included in this list of those who left The Kapil Sharma Show. Before this, Sunil Grover, Ali Asgar and Upasana Singh have also said goodbye to the show.



आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# प्रथम योगासन चैंपियनशिप का एटा में हुआ आयोजन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने अविनाशी सहाय आर्य इंटर कॉलेज में शुक्रवार को प्रथम योगासन चैंपियनशिप का आयोजन डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने अविनाशी सहाय आर्य इंटर कॉलेज में शुक्रवार को प्रथम योगासन चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बीपीएस एजुकेशनल इंस्टीट्यूट एटा मैनेजिंग डायरेक्टर डा. अशोक कुमार ने किया। चैंपियनशिप प्रतियोगिताओं में सब जूनियर बालक-बालिका वर्ग, जूनियर बालक-बालिका वर्ग तथा सीनियर बालक-बालिका वर्ग का आयोजन हुआ। जिसमें ट्रेडिशनल योगासन, रिदमिक ग्रुप तथा आर्टिस्टिक पेयर योगासन किया




गया। सीनियर बालक वर्ग में विश्वामित्र आर्य प्रथम, जूनियर बालक वर्ग में लकी प्रथम, बालिका वर्ग में अंजू प्रथम। रिदमिक ग्रुप में अलीगंज प्रथम, बीपीएस द्वितीय और जलेसर तृतीय रहा।

सब जूनियर बालक वर्ग में मोहन प्रथम, बालिका वर्ग में शशि प्रथम रहीं। आर्टस्टिक पेयर में अंजू और सोनम प्रथम रहे। चैंपियनशिप में रेफरी की भूमिका अरविंद कुमार धाकड़, अनिल कुमार, श्वेता गुप्ता, स्मिता यादव, विष्णु कुमार और शंभू कुमार ने निभाई। सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किए गए। इस दौरान दिनेश प्रताप सिंह, विनेश जैन, रजनीश यादव, अनुज चौहान, डा. विशाल गुप्ता, नीरज गुप्ता, मनीष दुबे, मोनिका सिंह, साक्षी जादौन, कमल गौतम, चंद्रप्रभा भारती, प्रीति यादव मौजूद रहे।

# जुगेंद्र सहयोगी के नाम खरीदीं 56 संपत्तियां, होगी जब्त

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव के खास और संपत्तियों के हिस्सेदार पर कार्रवाई गई। डीएम की ओर से जारी 56 अचल सम्पत्तियां मिलीं- पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव के खास और संपत्तियों के हिस्सेदार पर कार्रवाई गई। डीएम की ओर से जारी 56 अचल सम्पत्तियां मिली हैं। जिनमें उनके नजदीकी विजय पाल सिंह यादव के हिस्सेदारी है। इन सभी संपत्तियों को जब्त करने के आदेश जारी किए हैं। इन सम्पत्तियों की वर्तमान में मूल्य 491 लाख रुपये आंका गया है। जिला मजिस्ट्रेट अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि थाना कोतवाली देहात के प्रभारी जगदीश सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने अग्रसारित किया कि जुगेन्द्र सिंह यादव, पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव की ओर से अर्जित किए गए अवैध धन से विजयपाल सिंह यादव पुत्र सुनहरी लाल निवासी विद्या विहार कालोनी नाम से अचल सम्पत्तियां क्रय की गई है। जो गैंगस्टर एक्ट के तहत कोतवाली नगर में पंजीकृत मुकदमें की विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त जुगेन्द्र सिंह यादव एवं रामेश्वर सिंह यादव की ओर से उपरोक्त विजयपाल सिंह यादव के नाम पर क्रय की गई। मौजा शीतलपुर, निधौली खुर्द शिकोहाबाद रोड, शीतलपुर विद्या विहार, निधौली खुर्द, भगीपुर बाहर चुंगी, शिवओमपुरी नेहरू नगर डिग्री कॉलेज, चमकरी, चिलासनी, डांडा, रिजोर, शीतलपुर मौजा शास्त्रीपुरम, कुसाड़ी, मानपुर, शिकोहाबाद रोड प्रेमनगर आदि स्थानों पर कुल 56 अचल सम्पत्तियां जिनमें विजय पाल सिंह यादव के हिस्से की सम्पत्तियों की कीमत 195 लाख एवं वर्तमान में उक्त सम्पत्तियों का मूल्य 491 लाख रुपये आंका गया है। डीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि एसएसपी उदय शंकर सिंह की ओर से इन अचल सम्पत्तियों को जुगेन्द्र सिंह यादव एवं रामेश्वर सिंह यादव पुत्रगण लालाराम ने अपने निकटतम सहयोगी विजय पाल सिंह यादव के नाम से क्रय की गई है, जो विवेचना के दौरान ज्ञात हुई हैं। एसएसपी की आख्या के अनुसार 56 परिसम्पत्तियों का मूल्य उपनिबंधन कार्यालय एटा से प्राप्त आख्यानुसार 19569619 रुपये है। विजय पाल सिंह यादव 13-14 वर्ष पूर्व दोनों भाइयों के सम्पर्क में आया और उनके साथ घूमने फिरने लगा।

# एस्ट्रो व्यूटी थेरेपी ने किया उद्यमियों को सम्मानित,- उद्यमियो को विकसित करना जरूरी:किरन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद एटा के कस्बा निधौली कला में एस्ट्रो ब्यूटी थेरेपी ने उद्यमिता विकास का आयोजन किया ।इस अवसर पर सहयोगी संस्था के रूप में पंचायत विकास संस्थान रही।कार्यक्रम की अध्यक्षता सबसे बुजुर्ग वरिष्ठ नागरिक महिला श्रीमती इंद्रवती देवी पत्नी स्व0श्री प्यारेलाल पूर्व प्रवक्ता ने की।और संचालन देवेंद्र लोधी एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर एस्ट्रो ब्यूटी थेरेपी की निदेशक श्रीमती किरन ने महिला उद्यमियों को उद्यमिता विकास के लिए विशेष जानकारियां दी, और उद्यमिता विकास को और अधिक आगे कैसे बढ़ाया जा सकता है इस पर विस्तृत चर्चा की। इसी दौरान उन्होंने कहा कि उद्यमिता विकास बहुत जरूरी है बिना उद्यमिता के रोजगार सर्जन के साधन करना बहुत ही मुश्किल हैं। उन्होंने आगे बोलते हुए महिलाओं को 16 श्रृंगार पर भी एक लंबी चर्चा की। इस अवसर पर सहयोगी संस्था पंचायत विकास संस्थान की कोषाध्यक्ष एवं विधिक सलाहकार श्रीमती सरिता एडवोकेट ने कहा कि बहनों को रोजगार से जुड़ने के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जुड़ना चाहिए और कुटीर उद्योगों की बैंक की वित्तीय मदद की सहायता से स्थापना करनी चाहिए, ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योग विकसित करना बहुत ही जरूरी हो गया है। पंचायत विकास संस्थान कुटीर उद्योगों की स्थापना के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगाकर जागरूकता अभियान चला रही है। इस



अवसर पर संयुक्त रुप से पंचायत विकास संस्थान और एस्ट्रो ब्यूटी थेरेपी की पदाधिकारियों ने उद्यमी महिला एवं पुरुषों को सराहना प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती रजनी प्रियंका, जसोदा देवी ,गुड्डी देवी, हेमलता, पिंकी, ज्योति राजपूत ,गीता , रिंकी ,सरिता आदिपुरुष महिला उद्यमियों में जितेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह फर्नीचर निर्माण ,सौभाग्य उद्योग में राधेश्याम वर्मा एवं अन्य में लटूरी सिंह शैतान सिंह रमेश चंद्र मुकेश अंकित कुमार आदि सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## एटा में बस स्टैंड पर सरकारी रोडवेज में फर्जी कंडक्टर, ड्राईवर को पकडा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा में बस स्टैंड पर सरकारी रोडवेज में फर्जी कंडक्टर, ड्राईवर को पकडा, दोनों के खिलाफ एडीएम के आदेश पर क्रने कराई स्हृक्र दर्ज, एडीएम प्रशासन आलोक कुमार ने बस स्टैंड पहुचकर मारा छापा, दोनों को मौके से पकड़कर कराई स्हृक्र दर्ज, सरकारी रोडवेज बस में दूसरे कंडक्टर की जगह फर्जी तरीके से लम्बे समय से कर रहा था कंडक्टरी, लोगों ने फर्जी कंडक्टर और ड्राईवर रोडवेज बस में कंडक्टरी करने की डीएम से की थी शिकायत, थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के बस स्टैंड का मामला।

# क्लब फुट क्लीनिक बीमार बच्चों के लिए वरदान से कम नहीं

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में शनिवार को क्लब फुट क्लीनिक की शुरुआत हुई है। जिसमें मिरेकल फीट फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लब फुट (एमएफईसी) संस्था के सहयोग से जन्मजात विकृति क्लब फुट से ग्रसित बच्चों का निःशुल्क इलाज अब जिले में संभव है। शुक्रवार को मेडिकल कालेज के ऑर्थोपेडिक विभाग में सीडीओ डॉ. अवधेश कुमार वाजपेई, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. नवनीत कुमार ने फीता काटकर क्लब फुट क्लीनिक का शुभारंभ किया। सीडीओ ने कहा कि क्लब फुट क्लीनिक, क्लब फुट से ग्रसित बच्चों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) में चयनित दीपक को




क्लीनिक पर निःशुल्क इलाज मुहैया कराया गया है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नवनीत कुमार ने बताया कि क्लब फुट एक जन्मजात विकृति है। जिसमें बच्चे के पैर अंदर की ओर मुड़ जाते हैं। ऐसे बच्चों को जल्दी ही पहचान कर जल्द से जल्द उनका इलाज किया जाना चाहिए। एसीएमओ डा. ओपी आर्य, सीएमएस डा. राजेश अग्रवाल, मेडिकल कॉलेज उप प्रधानाचार्य डा. रजनी पटेल, मीडिया प्रभारी डा. विवेक पाराशर, ऑर्थोपिडिक सर्जन डा. मुकेश परमार, जेआर डा. शुभम कुमार, फिजियोथैरेपिस्ट डा. पवन कुमार एवं डा.वेदांशु वर्मा, डीआईसी मैनेजर अभिलाष सिंह, मिरेकल फीट फाउंडेशन के जीशान मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# तुरिया पारा में बनेगा सर्व समाज मुक्तिधाम ,नगर पालिका अध्यक्ष ने जनसंपर्क निधि से दी राशि

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सुरजपुर- नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल ने मानपुर, बड़कापारा एवम् महुआपारा वासियों की मांग पर अध्यक्ष जनसंपर्क निधि से मुक्तिधाम की चारदीवारी के निर्माण हेतु 36 लाख रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की है। गौरतलब है कि नगर के वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 स्थित तुरिया पारा सर्व समाज मुक्तिधाम परिसर में चार दिवारी के निर्माण की मांग लंबे समय से लंबित है अध्यक्ष केके अग्रवाल ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में सर्व समाज मुक्तिधाम की चारदीवारी और अन्य सुविधाएं विकसित करने हेतु 20 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 15 व 16 के महुआपारा स्थित मुक्तिधाम की चारदीवारी हेतु 16 लाख रुपए और वार्ड क्रमांक 17 एवं 18 के बड़कापारा स्थित मुक्तिधाम में चारदीवारी के निर्माण हेतु वांछित राशि प्रदान करने की घोषणा की है। तुरिया पारा में सर्व समाज मुक्तिधाम की रखी आधारशिला कार्य प्रारंभ- वार्ड क्रमांक 13 स्थित मुक्तिधाम के निर्माण से स्थानीय वार्ड वासियों के अलावा वार्ड क्रमांक 12 एवं वार्ड क्रमांक 14 के वार्ड वासियों को भी अंतिम संस्कार के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल ने विगत दिवस सर्व समाज मुक्तिधाम की आधारशिला रख कर विधिवत पूजा अर्चना की। इस



मुक्तिधाम के निर्माण का सीधा लाभ वार्ड क्रमांक 12, 13 एवं 14 के लोगों को मिलेगा।
भूमि पूजन उपरांत वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद श्रीमती मंजू गोयल एवं वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद पुष्पलता साहू की उपस्थिति में अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवेश गोयल एवं पार्षद प्रतिनिधि पवन साहू ने पूजा अर्चना कर कार्य प्रारंभ कराया। इस अवसर पर उपयंत्री बसंत जैस्वाल, ठेकेदार महेंद्र सिंह ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधि गिरधारी साहू पवन साहू एवं वार्ड वासी उपस्थित रहे। महुआपारा और बड़कापारा में मुक्तिधाम की चार दिवारी प्रक्रियारत इस संबंध में नगरपालिका के लोक निर्माण विभाग की प्रभारी मंजू गोयल ने बताया कि तुरिया पारा मुक्तिधाम के टेंडर हो चुके हैं और महुआपारा व बड़कापारा मुक्तिधाम में चारदीवारी निर्माण कार्य की प्रशासनिक प्रक्रिया जारी है। निविदा आमंत्रण उपरांत सफल ठेकेदार से निर्माण कार्य यथाशीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा।

## भाजपा महिला मोर्चा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुतले का दहन किया



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही-भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुतले का दहन का आयोजन संजय चौक गौरेला में रखा गया । परंतु मुस्तैद गौरेला पुलिस बल के द्वारा पुतले को जलने नहीं दिया गया पुतले पर पानी फेंक कर, भाजपा कार्यकर्ताओं से छीन लिया गया भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा नहरेल ने बताया प्रदेश में महिलाओं के साथ साथ बच्चियां भी सुरक्षित नहीं है रोजगार के संबंध में भी उन्होंने कहा प्रदेश सरकार ने एक भी बेरोजगार को रोजगार नहीं दिया प्रदेश सरकार हर मामले ने नाकाम साबित हुई।

## महिला समूह की राशि निकाल रकम धोखाधड़ी करने के मामले में 1 फरार आरोपी गिरफ्तार, थाना सूरजपुर पुलिस की कार्यवाही




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सुरजपुर- दिनांक 16.06.2019 को मानपुर स्थित क्षेत्रीय प्रबंधक स्पंदना स्फूर्ती फायनेंस कंपनी के प्रबंधक रितेश टंडन थाना सूरजपुर में लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि अजय साहू व सुनील यादव के द्वारा स्पंदना स्फुर्ती फायनेंस कंपनी के माध्यम से महिलाओं का समूह बनाकर ऋण दिया जाता था जिसे दोनों कर्मचारियों ने कस्टमर के नाम पर बिना किसी जानकारी के उनके नाम पर लोन लेकर राशि को खुद अपने उपयोग में लाया गया, इन दोनों के द्वारा 38 ग्राहकों का रकम 523914 रूपये निकाल कर धोखाधड़ी किया गया। रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 206/19 धारा 420, 409, 34 भादसं. का मामला पंजीबद्ध किया गया था। मामले में आरोपी सुनील यादव को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया गया था तो वहीं अजय साहू फरार था। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने पुराने लंबित प्रकरणों में फरार आरोपियों की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। एसडीओपी सूरजपुर गीता वाधवानी के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर की पुलिस आरोपी की पतासाजी में लगी थी इसी बीच मुखबीर से सूचना मिला कि अजय साहू को सूरजपुर में देखा गया है जिसके बाद पुलिस ने प्राप्त सूचना के आधार पर बस स्टैण्ड के पास घेराबंदी कर आरोपी अजय साहू पिता लखेश साहू उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम डेराडीह, खरसिया जिला रायगढ़ को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने धोखाधड़ी की घटना को सुनील के साथ मिलकर अंजाम देना स्वीकार किया। मामले में आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, एएसआई बजरंगी चौहान, प्रधान आरक्षक अखिलेश यादव, आरक्षक राधेश्याम साहू व लक्ष्मी नारायण मिर्रे सक्रिय रहे।

# सहायता समूह में चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- भरत सिंह मार्को सचिव श्री साई सेवा समिति निवासी ग्राम मडना थाना गौरेला हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम पतरकोनी में हमारी श्री साई सेवा समिति के नाम से स्वा सहायता समूह है समूह में हमें शासन की ओर से कृषि विकास कार्यो के लिये विभिन्न प्रकार के कृषि उपकरण दिये गये है जिसे हमने ग्राम पतरकोनी के ही शासकीय स्टोर रूम में सुरक्षित रूप से रखकर उपयोग में ला रहे थे दिनांक 23.08.2022 को रात करीब 10ः00 बजे समूह का मुकेश यादव स्टोर रूम को ताला बंद किया था जो दिनांक 24.08.2022 को सुबह 08ः00 बजे देखे तो स्टोर रूम का ताला टूटा हुआ था एवं स्टोर में रखा ट्रेक्टर का केजव्हील 02 नग पुराना, रोटा वेटर का साफ्ट 01 नग पुराना मिनी राईस मील का लोहे का जाली 07 नग नया, मिनी राईस मील का पुल्ली 03 नग पुराना मिनी राईस मील का बड़ा पाना 01 नग स्टोर रूम में नहीं था। कोई चोए चोरी कर ले गया है चोरी किये कृषि समान ट्रेक्टर का केजव्हील 02 नग पुराना, रोटा वेटर का साफ्ट 01 नग पुराना मिनी राईस मील का लोहे का जाली 07 नग नया, मिनी राईस मील का पुल्ली 03 नग पुराना मिनी राईस मील का बड़ा पाना 01 नग एवं स्टोर रूम का ताला तोड़ने का एक लोहे का रॉड को इनसे जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपीगणों के विरूद्ध अपराध धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपीगणों को दिनांक 27.08.2022 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

## कर्मचारी अधिकारियों का आंदोलन जारी ,रविवार को भी जारी रहेगा आंदोलन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सुरजपुर- कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर अपनी मूल मांग केंद्र के समान 34% मंहगाई भत्ता देय तिथि से बकाया ऐरियर्स सहित भुगतान करने एवं सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता प्रदान करने की मांगों को लेकर सूरजपुर जिले के कर्मचारी अधिकारी छठवें दिन अवकाश के दिन भी हड़ताल पर डटे हैं। जिला संयोजक अनिल मिश्रा ने बताया कि हमने सरकार तक अपनी बातें पहुँचाई हैं।सरकार चुप्पी साधे बैठी है। आज प्रांतीय निकाय के निर्देशानुसार माननीय विधायक प्रेमनगर विधान सभा क्षेत्र,अध्यक्ष सरगुजा विकास विभाग प्राधिकरण आदरणीय खेलसाय सिंह जी को अपनी मांगों से अवगत कराकर समर्थन मांगा गया जिस पर माननीय विधायक जी ने हमारी मांगों पर अपना समर्थन प्रदान कर माननीय मुख्यमंत्री जी को समुचित समाधान करने हेतु पत्र भी लिखा है।आज अवकाश दिवस होने पर भी जिले के समस्त विकासखण्डों में सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।कल रविवार होने के साथ ही आगे भी हमारा आंदोलन अनवरत जारी रहेगा।सभी मीडिया बंधुओं को शासन तक हमारी मांगे पहुंचाने के लिए फेडरेशन द्वारा धन्यवाद दिया गया।

## ग्राम पंचायत सेमरा में आईजी एसएसएस संस्था के द्वारा बायोमास चूल्हा का किया गया वितरण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सुरजपुर- सूरजपुर जिले के दुरस्त ग्राम पंचायत सेमरा में आईजी एसएसएस संस्था के द्वारा सेमरा में विधवा महिलाओं को बायोमास चूल्हा का किया गया वितरण किया गया वितरण के दौरान मोबिलाइजर राजू प्रसाद सिंह सीआरपी धर्मेंद्र प्रताप विश्वकर्मा शिवकुमारी ननकी कैलाशपति बुधन सजनी फूलमती राजमती अंगारमती सुनीता अतवरिया दुखमंति कदम कुमारी मनीराम पंडो शिवेंद्र सिंह संतोष व अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे। राजू प्रसाद सिंह व धर्मेंद्र प्रताप विश्वकर्मा के द्वारा चुला को कैसे उपयोग करना है उसके बारे में सावधानियां उससे क्या लाभ होगा आदि अन्य विषयों को हितग्राहियों को बताया गया गया